एक नजर में

यूनिसेफ की टीम ने कलेक्टर से की भेंट

राजगढ़ 07 अक्टूबर, का. यूनिसेफ के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा से बुधवार को भेंट कर जिले में बाल विवाह रोकथाम एवं किशोर सशक्तिकरण को लेकर संचालित किए जा रहे कार्यक्रमों और सकारात्मक प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की गई. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 के अनुसार, जिले में 20-24 वर्ष की महिलाओं में 18 वर्ष की आयु से पहले विवाह का अनुपात में दर्ज 46 प्रतिशत से घटकर 23 प्रतिशत रह गया है. इस अवसर पर प्रतिनिधियों द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के लिए तैयार किया गया प्रशिक्षण मॉड्यूल एवं संदर्भ पुस्तिका कलेक्टर डॉ. मिश्रा को भेंट की गई, ताकि राजगढ़ जिले में प्रशिक्षण एवं क्षमता वर्धन के लिए इसका प्रभावी उपयोग किया जा सके. यूनिसेफ प्रतिनिधियों द्वारा कलेक्टर डॉ. मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई.

सुरक्षा जवान भर्ती कैंप आयोजित

राजगढ़ 07 अक्टूबर, का. भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत रोजगार कार्यालय के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती कैंप का आयोजन बुधवार को नगर परिषद माचलपुर में किया गया. जिसमें गांवों से 16 युवाओं ने भाग लिया. शारीरिक मापदंड के अनुसार भर्ती अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने 06 युवाओं का चयन किया. जिला रोजगार अधिकारी राजेंद्र सोनगरा ने बताया अगले भर्ती कैंप का आयोजन 08 अक्टूबर को नगर परिषद छापीहेड़ा में प्रातः 11 से 3 तक किया जाएगा. इन चयनित युवाओं को जयपुर में 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नोकरी दी जाएगी. औद्योगिक क्षेत्रों में जैसे दिल्ली का लाल किला, इंदौर, उज्जैन, गुना, आगर मालवा, राजगढ़, खजुराहो का मंदिर, सांची स्तूप, भोपाल एम्स, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक आदि.

फार्म 6 के साथ नहीं लिया जाएगा घोषणा पत्र

राजगढ़ 07 अक्टूबर, का. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के निर्वाचन सदन भोपाल से वर्चुअल बैठक की. इस दौरान उन्होंने प्रदेश भर में 7, 8 और 9 अक्टूबर को पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए प्रदेश के प्रत्येक मतदान केंद्र में विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान किसी भी मतदाता से फार्म 6 के अलावा घोषणा पत्र नहीं लिया जाएगा. सभी जिला उप निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करें. इसके साथ ही उन्होंने व्यापक स्तर पर प्रचार प्रचार करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जिन युवाओं की उम्र 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की गई है. उनके भी फॉर्म लिए जाएंगे. इसके साथ ही 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए एडवांस में फॉर्म जमा कराए. उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन की भी सुविधा प्रदान की गई है. कोई भी मतदाता पर जाकर अपना नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है.

कैश की किल्लत से मंडियों में बढ़ रहा कलेश

पचोर और संडावता मंडियों में कैश नहीं मिलने से किसानों ने जताई नाराजगी

व्यापारियों में चिंता, तहसीलदार ने व्यापारियों के साथ पचोर में बैठक की



नवभारत न्यूज

पचोर/सण्डावता/खुजनेर 07 अक्टूबर, सं. मौसम की मेहरबानी के बाद उत्पादन और भाव से प्रसन्न और लंबे समय बाद खरीफ की फसल की सफलता का स्वाद लेने मण्डियों में पहुंच रहे किसानों का रोष सामने आने लगा है. कारण समय पर भुगतान नहीं होना. व्यापारियों द्वारा उन्हें नियमित भुगतान किया जाता है. लेकिन इन दिनों कैश की किल्लत होने के कारण किसानों को समय पर पैसा नहीं मिल पा रहा है. इधर व्यापारियों की अपनी समस्या और बाध्यता है. जिसके कारण वे भी कैश को लेकर परेशान है.

जानकारी के अनुसार एक दिन पूर्व जिले की खुजनेर मण्डी में किसानों ने रोष प्रकट किया था. इसके बाद बुधवार को पचोर और सण्डावता की मण्डियों में किसान परेशान नजर आए.

सण्डावता में किसानों ने हंगामा किया और काफी देर तक खरीदी प्रभावित रही. वहीं मण्डी गेट को बंद भी करने का प्रयास किया गया. हालाकिं समय रहते मण्डी प्रबंधन ने किसानों को समझाया लेकिन कैश की समस्या जस की तस रही.

पचोर, संडावता और खुजनेर में भुगतान के लिए रोजाना चाहिए 3 करोड़ रुपए

व्यापारियों से चर्चा करने पर अनुमान के मुताबिक इन दिनों सोयाबीन की काफी आवक हो रही है. फसल और उसका भाव काफी स्वस्थ होने के कारण किसानों अपनी उपज लेकर आ रहे है. ऐसे में प्रतिदिन करीब 3 करोड़ का भुगतान करने के लिए राशि पचोर और आसपास की 3-4 मण्डियों को चाहिए. ज्यादातर भुगतान कैश में होता है. ऐसे में कैश की किल्लत सबसे ज्यादा हो रही है. मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं होने से व्यापारी अब बीच का रास्ता निकाल रहे है.

तहसीलदार ने की व्यापारियों के साथ मीटिंग

एक दिन पूर्व खुजनेर में किसानों ने भुगतान नहीं होने से चक्काजाम कर दिया था. वहीं दूसरे दिन पचोर और सण्डावता की मण्डियों में किसानों ने अपनी रोष प्रकट किया. मामले में प्रशासन की ओर से तहसीलदार ने देर शाम पचोर में व्यापारियों के साथ मीटिंग की है. तहसीलदार अखिलेश मालवीय ने व्यापारियों से आरटीजीएस के माध्यम से किसानों को भुगतान करने पर चर्चा की है. हालांकि कई किसानों के खाते नंबर अपडेट नहीं होते है. ऐसे में ऑनलाईन पेमेंट पर भी विचार किया जा रहा है .पचोर मण्डी जिले की बड़ी मण्डियों में शामिल है. यहां रोजाना करीब 15 हजार बोरियों की आवक होती है. ऐसे में भुगतान भी बड़ी मात्रा में होता है. यहां के व्यापारियों में इसी बात को लेकर चिंता है. यह परिस्थति जिले की अन्य मण्डियों में भी बनीं हुई है.

खुजनेर में किया चक्काजाम

कृषि उपज मंडी खुजनेर में सोयाबीन फसल की बम्पर आवक के कारण प्रतिदिन भारी भीड़ रहती हे लेकिन कुछ भाव में कमी होने के कारण कृषकों ने मंडी रोड सोयत पचोर मार्ग पर चक्का जाम के दिया इसी कारण काफी समय तक मंडी भी बंद रही .तहसीलदार व पुलिस की समझाइश के बाद रोड और नीलामी शुरू हो सके.





किराये की किश्त जमा नहीं करने पर दुकानें सील

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 07 अक्टूबर, का. नगर में बुधवार को संजय शॉपिंग कांप्लेक्स के दुकानदारों के द्वारा किराया व प्रीमियम राशि जमा न कराने वाले 3 दुकानों पर नगर पालिका ब्यावरा द्वारा तालाबन्दी की कार्यवाही की गई. नगर पालिका ब्यावरा द्वारा पूर्व में सभी दुकानादारों को सूचना पत्र जारी कर दुकानदारों को बकाया राशि जमा करने के निर्देश दिए गए थें. जिसमें से 7 दुकानादारों के द्वारा मौके स्थल पर राशि जमा करा दी गई. तथा 2 दुकानादारों के द्वारा बकाया राशि चैक से भुगतान किये जाने हेतु निकाय को चैक जारी किये किन्तु 3 दुकानादारों के द्वारा बकाया राशि जमा न किये जाने से नगर पालिका ब्यावरा द्वारा सख्त रूख अपनाते हुये तालाबन्दी की कार्यवाही की गई. श्री इकरार अहमद मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बताया गया कि बकायेदारों से वसूली की कार्यवाही निरन्तर रूप से जारी रहेगी. इसी के साथ कर्मचारियों को लक्ष्य अनुरूप वसूली किये जाने हेतु निर्देश दिये गये. उक्त कार्यवाही के दौरान योगेन्द्र सिंह सौलंकी प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक, सुरेन्द्र वर्मा स्थायीकर्मी, गौरव यादव न.पा.कर्मी, राजेन्द्र नामदेव, अजय मेवाड़ें, मुकेश लश्करी, धर्मेन्द्र परिहार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहें.



राजगढ़ से सारंगपुर रवाना हुई सेवा संकल्प ज्योति

राज्यमंत्री टेटवाल ने दिलाई सेवा की प्रतिज्ञा



नवभारत न्यूज

राजगढ़ 07 अक्टूबर, का. प्रधानमंत्री मोदी के सरकार के प्रमुख के रूप में 25 वर्षों की सेवा यात्रा के उपलक्ष्य में राजगढ़ स्टेडियम ग्राउंड में 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक शामिल हुए. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमुदाय ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना. इसके पश्चात अतिथियों द्वारा 'सेवा ज्योति' प्रज्वलित की गई. यह ज्योति राजगढ़ से सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए सेवा, समर्पण, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का संदेश लेकर रवाना हुई.

कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्री टेटवाल ने जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों को सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिज्ञा दिलाई. उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि प्रत्येक कार्यकर्ता और नागरिक सेवा के इस भाव को अपने जीवन का हिस्सा बनाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यों का लाभ पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाए. सेवा ज्योति प्रज्वलित होने के बाद सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रस्थान किया. राज्यमंत्री ने कहा कि सेवा ज्योति का उद्देश्य केवल एक कार्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से कार्यकर्ताओं और नागरिकों में सेवा की भावना को निरंतर मजबूत करना है.

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने दिए आवश्यक निर्देश

राजगढ़ 07 अक्टूबर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उपार्जन व्यवस्था, मंडियों में कृषि उपज के भाव तथा जिले में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की. कलेक्टर ने जिला स्तरीय उपार्जन समिति के सदस्यों एवं एसडीएम को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से अपने क्षेत्र की मंडियों का निरीक्षण करें.

सेवा संकल्प अभियान के तहत निकाली विशाल बाईक रैली

राजगढ़ 07 अक्टूबर, का. 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत बुधवार को ब्यावरा विकासखण्ड में सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का संदेश देती भव्य मोटरसाइकिल यात्रा निकाली गई. जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम में आयोजित 'सेवा ज्योति यात्रा विकसित भारत संकल्प सभा' कार्यक्रम में सहभागिता के पश्चात प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार कार्यकर्ताओं के साथ संकल्प यात्रा लेकर ब्यावरा विकासखण्ड की ओर रवाना हुए. ब्यावरा शहर में राजगढ़ चौराहे से मंत्री कार्यालय तक आयोजित मोटरसाइकिल यात्रा में सैकड़ों मोटरसाइकिलों पर हजारों कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक शामिल हुए. यात्रा के समापन अवसर पर राज्यमंत्री श्री पंवार ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष केवल एक लंबी राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि 'गांव से ग्लोबल' तक भारत के बढ़ते सामर्थ्य, आत्मविश्वास और विकास की गौरवगाथा हैं.



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के दूरदर्शी एवं निर्णायक नेतृत्व में देश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश भी विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है.

राम जी की सवारी के आगे रावण नहीं होना चाहिए

नवभारत न्यूज

जीरापुर 07 अक्टूबर, सं. आगामी नवरात्रि का पावन त्यौहार एवं विजयादशमी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने हेतु पुलिस थाना परिसर में बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था सुचारु रखने तथा आपसी सौहार्द कायम रखने को लेकर चर्चा की गई. जहां पर भाजपा महामंत्री रमेशचंद्र एवं रामलीला मंडल के सचिव मोहनलाल पुष्पद ने कहा कि राम जी की सवारी के आगे रावण नहीं होना चाहिए. रामजी की सवारी से बड़ा जुलूस रावण का यह गलत परम्परा है. रावण के जुलूस का मार्ग अलग मार्ग से होना चाहिए. बैठक में थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की. साथ ही किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की बात कही.



इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष बलराम टांक, कमल सिंह पवांर, मोहनलाल पुष्पद, एएसआई अरुण जाट, सुजान गुर्जर, आराधना शर्मा, कमल झावा, विद्युत मंडल के जेई सहित जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे.

समीक्षा बैठक आयोजित

राजगढ़ 07 अक्टूबर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सभी एसडीएम को मंडी स्तर पर बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के निर्देश भी दिए. बैठक में सोयाबीन सहित अन्य कृषि उपज के मंडी भाव की जानकारी लेते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने इंटीग्रेटेड फर्टिलाइजर मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर विभागवार प्रदर्शित हो रही उर्वरक उपलब्धता की जानकारी ली. उन्होंने उपलब्ध उर्वरक के स्टॉक, डबल लॉक सोसायटियों तथा क्षेत्रवार यूरिया, डीएपी एवं अन्य उर्वरकों के वितरण की समीक्षा की.

बंद फैक्ट्रियां शुरू हों, युवाओं को मिले रोजगार

सारंगपुर 07 अक्टूबर, सं. क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर नगर कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मुलाकात की. शामला हिल्स स्थित उनके निवास पर हुई मुलाकात में नेताओं ने क्षेत्र की मौजूदा स्थिति, जनसमस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों से उन्हें अवगत कराया. प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़ी फैक्ट्रियों और औद्योगिक इकाइयों को दोबारा शुरू कराने का मुद्दा भी उठाया. नेताओं ने कहा कि सारंगपुर कृषि प्रधान क्षेत्र होने के बावजूद यहां बड़े उद्योगों और प्रोसेसिंग इकाइयों की कमी है. बंद फैक्ट्रियों को पुनः शुरू कराने से अवसर बढ़ेंगे. पूर्व नपाध्यक्ष मोहम्मद अली ने बताया कि रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं होने के कारण क्षेत्र के कई युवा गुजरात, पीथमपुर, इंदौर सहित दूसरे शहरों की ओर रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं. प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी कि क्षेत्र में उद्योग और रोजगार स्थापित करने की दिशा में पहल की जाए, ताकि युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिल सके और पलायन पर अंकुश लगाया जा सके. प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, मोहन पाल, पूर्व सांसद प्रतिनिधि हाशिम राही और युवक कांग्रेस के लखन धनगर शामिल रहे.



युवाओं ने संभाली स्वच्छता की कमान, 242 लोगों की भागीदारी

नुक्कड़ नाटिका से दिया स्वच्छता का संदेश

नवभारत न्यूज

जीरापुर 07 अक्टूबर, सं. नगर के आवास कालोनी स्थित स्टेडियम परिसर में स्वच्छता जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम हुआ. सिनर्जी संस्थान एवं एसबीआई संजीवनी के द्वारा कार्यक्रम में युवाओं ने जागरूकता फैलाने से लेकर श्रमदान और रचनात्मक गतिविधियों तक सक्रिय नेतृत्व किया. विगत सात दिनों से जीरापुर क्षेत्र के भंडावद, चिलावद, खारपा, भाटखेड़ी, नाइहेड़ा, काछीखेड़ी, ग्वाड़ी, धतुरिया सादलपुर सहित नगर में स्वच्छता संबंधी गतिविधियां संचालित की गई. अभियान में सक्रिय रहे युवाओं को कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया. 242 प्रतिभागियों की सहभागिता रही. आवास बस्ती के युवाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से खुले में कचरा न डालने, गीले और सूखे कचरे को अलग रखने तथा घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया.

युवाओं ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और साफ-सफाई पर आधारित पेंटिंग एवं पोस्टर भी तैयार किये.

स्वच्छता की शपथ लेने के बाद उन्होंने श्रमदान में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया. कार्यक्रम में नगर पालिका सीएमओ देवनारायण दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, कॉलेज प्राचार्य, सरपंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे. अतिथियों ने कहा कि जब युवा किसी सामाजिक अभियान की जिम्मेदारी अपने हाथ में लेते हैं, तो उसका प्रभाव समुदाय के व्यापक स्तर तक पहुंचता है. जीरापुर क्षेत्र का यह अभियान युवाओं की ऊर्जा, रचनात्मकता और सामूहिक जिम्मेदारी का उदाहरण बना.

निरीक्षण केवल सैम्पल लेने की औपचारिकता त्योहारों से पहले निभाने में लगा विभाग

साहब जमा हो रहे 'नमूनों' पर कब होगी कार्रवाई..!

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 07 अक्टूबर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही निरंतर की जा रही है. लेकिन इन नमूनों पर कब रिजल्ट घोषित होगा और क्या कार्यवाही होगी. क्या नकली खाद्य सामग्री वालों के लायसेंस सस्पेंड होंगे या कोई अन्य वैधानिक कार्यवाही होगी. हालांकि यह आज तक सार्वजनिक नहीं हो पाया है कि कार्यवाही बाद में क्या होती है.

नमूनें काफी संख्या में एकत्र हो चुके है. अब इनके परिणामों का इंतजार है. इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएस खत्री द्वारा बुधवार को न्यू बस स्टैंड, बोड़ा तहसील नरसिंहगढ़ स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान विनायक स्वीट्स से मावा लड्डू तथा फलोदी रेस्टोरेंट से मावा बर्फी के नमूने लिए गए। नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा. जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.



निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की भी जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा संबंधित संचालकों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के आवश्यक निर्देश दिए गए. खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्यवाही आगे भी नियमित रूप से जारी रखी जाएगी.

लगातार चलने वाली मुहिम, त्यौहारी औपचारिकताओं में न घिरे

खाद्य विभाग की मुहिम नकली खाद्य सामग्री बनाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही केवल त्यौहारी औपचारिकता बनकर ना रह जाए. बीते दिनों रक्षाबंधन से पूर्व मुहिम चलाई गई थी. काफी सैम्पल लिए गए. लेकिन उन सैम्पलों के बाद नकली सामग्री बेचने, बनाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही कड़े स्तर पर और बड़े स्तर पर नजर नहीं आती. शायद यही कारण है कि खाद्य विभाग का भय इन लोगों में नहीं रहा. और हर बार निकली खाद्य पदार्थ बेखौफ होकर बाजार बेचे जा रहे है. यदि किसी प्रकार की कड़ी कार्यवाही हो जाए तो एक नजीर बनेगी और इस प्रकार के नकली सामान बेचने वालों के कारण वाजिब और ईमानदार दुकानदारों को बेवजह परेशान नहीं होना पड़ेगा.